राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे ने गुलाल लगा आगंतुकों का अभिनंदन किया

राजभवन में होली उत्साह और उमंग से मनाई गई

जयपुर, 14 मार्च। राजभवन में शुक्रवार को रंगों का पावन पर्व होली उत्साह और उमंग से मनाया गया। ढोल और चंग की थाप पर नृत्य गान हुआ। सभी ने रंग और गुलाल उड़ाकर रंग पर्व समारोहपूर्वक मनाया।

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रंग पर्व होली की सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने होली पर आगंतुकों का राजभवन में गुलाल लगाकर अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि यह हिल- मिल उमंग और उत्साह को एक दूसरे से साझा करने का पावन पर्व है।